## विभागवार क्षैतिज आरक्षण

उपर्युक्त सारणी-1 में उल्लिखित विभागों में से क्षैतिज आरक्षण के संबंध में विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया विवरण निम्नवत है:-

### सारणी-2

| विभाग का नाम | पदनाम | क्षैतिज आरक्षण की श्रेणी | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ। | अवर अभियन्ता (यांत्रिक) | (i)- विकलांगजन<br>(ii)- भूतपूर्व सैनिक<br>(iii)- महिला | 01<br>02<br>08 |
| निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ०प्र०, लखनऊ। | अवर अभियन्ता (सिविल) | (i)- स्व०संग्राम सेनानी के आश्रित<br>(ii)- विकलांगजन<br>(iii)- भूतपूर्व सैनिक<br>(iv)- महिला | 01<br>01<br>02<br>10 |
| अध्यक्ष एवं प्रशासक, शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन परियोजना, लखनऊ। | अवर अभियन्ता (सिविल) | (i)- भूतपूर्व सैनिक<br>(ii)- महिला | 01<br>06 |
| निदेशक, स्थानीय निकाय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ। | अवर अभियन्ता (जल) | (i)- स्व०संग्राम सेनानी के आश्रित<br>(ii)- विकलांगजन (OL, OA, PD PB)<br>(iii)- भूतपूर्व सैनिक<br>(iv)- महिला | 03<br>04<br>07<br>30 |
| प्रबन्ध निदेशक, यू०पी०प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि०, लखनऊ। | अवर अभियन्ता (सिविल) | (i)- भूतपूर्व सैनिक<br>(ii)- महिला | 01<br>04 |
| अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, उ०प्र० पुलिस आवास निगम लि०, लखनऊ। | अवर अभियन्ता (सिविल) | (i)- महिला | 01 |
| कृषि नेदशक, उ०प्र० लखनऊ। | अवर अभियन्ता | (i)- स्व०संग्राम सेनानी के आश्रित<br>(ii)- विकलांगजन (OL, OA, PD PB)<br>(iii)- भूतपूर्व सैनिक<br>(iv)- महिला | 03<br>05<br>08<br>34 |

**नोट- उपर्युक्त विभागों में रिक्त सभी पदों के लिए केवल एक ही आवेदन करना है।**

### टिप्पणी

(1)- उपर्युक्त सारणी-1 में उल्लिखित पदों के सापेक्ष आवेदन हेतु इच्छुक अभ्यर्थी, जो 01 जुलाई, 2016 को पद के सम्मुख अंकित आयु सीमा के अंतर्गत आते हैं और पद हेतु विहित अनिवार्य शैक्षिक अर्हता, जिसका उल्लेख आगे सारणी-3 में किया जा रहा है, धारित करते हैं, वे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

(2)- विकलांगजनों (केवल चिन्हित पदों पर), महिलाओं, स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों तथा भूतपूर्व सैनिकों को उत्तर प्रदेश सरकार के अद्यावधिक शासनादेशों में विहित नियमानुसार क्षैतिज आरक्षण देय होगा।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | प्रश्नपत्र–द्वितीय | भाग–1 | सिविल इन्जीनियरिंग, विद्युत इन्जीनियरिंग एवं यांत्रिक इन्जीनियरिंग (भवन सामग्री, स्टीमेटिंग, थर्मल इंजीनियरिंग, इरीगेशन इंजीनियरिंग एण्ड फलूड मशीन एण्ड मशीनरी) | 125 | 375 | दो घण्टा | तैयार कराये जायेंगे। |
| | | | योग | 375 | 750 | | |
| द्वितीय चरण | | साक्षात्कार | | – | 250 | | |
| | | | कुल योग | – | 1000 | | |

<u>सामान्य अंग्रेजी</u>– इस प्रश्न पत्र में अभ्यर्थियों से अंग्रेजी भाषा का ज्ञान तथा उनकी समझ एवं लेखन योग्यता के परीक्षण हेतु प्रश्न पूछे जायेंगे। यह प्रश्नपत्र माध्यमिक शिक्षा परिषद्,उत्तर प्रदेश के हाईस्कूल परीक्षा के स्तर का होगा ।

<u>भाग–2</u>

<u>सामान्य बुद्वि परीक्षण</u>– इस प्रश्न पत्र का उद्देश्य किसी नयी परिस्थिति को समझने,उसके विभिन्न तत्वों का विश्लेषण, पहचान करने तथा तर्क करने की योग्यता को मापना है। अतः इस प्रश्नपत्र में अनुदेशों को समझने, सम्बन्धों, संगतताओं का पता लगाने, निष्कर्ष निकालने और इसी प्रकार की बौद्धिक कियाओं पर आधारित प्रश्न होंगे।

<u>सामान्य जानकारी–</u> इस प्रश्न पत्र में अभ्यर्थियों के चारों ओर के वातावरण के बारे में उसकी सामान्य जानकारी तथा समाज में उसके इस्तेमाल के बारे में उसकी योग्यता ऑकने के लिए है। इस प्रश्नपत्र में सम–सामायिक घटनाओं, प्रतिदिन दृष्टिगोचर होने वाले/अनुभव में आने वाले तथ्यों जिनमें भारतीय परिप्रेक्ष्य में ऐतिहासिक एवं भौगोलिक तथ्य भी सम्मिलित होंगे, के साथ–साथ अभ्यर्थियों के वैज्ञानिक पहलुओं के ज्ञान से संबंधित प्रश्न रखे जायेंगें।

<u>सामान्य कम्प्यूटर ज्ञान</u>– इस प्रश्नपत्र में पेरीफैरिकल डिवाइस, नम्बर सिस्टम, मेमोरी, इन्टरनेट, मॉडम, आपरेटिंग सिस्टम, भाषायें, एम0एस0 आफिस, एम0एस0वर्ड, एम0एस0एक्सेल, ई–मेल से सम्बन्धित प्रश्न पूछे जायेंगे।

## <u>द्वितीय प्रश्नपत्र</u>

<u>भाग–1</u>

<u>सिविल–</u>

इस प्रश्नपत्र में बिल्डिंग मैटीरियल्स, इस्टीमेटिंग, कास्टिंग एण्ड वैल्यूवेशन, सर्वेइंग, स्वायल मशीन्स, हाईड्रोलिक्स ट्रान्सपोरटेशन इन्जीनियरिंग, इन्वायरलमेन्टल इन्जीनियरिंग, स्टैण्डर्ड टेस्ट्स, यूजेज एण्ड मैन्यूफैक्चर/क्वायरिंग आफ मैटीरियल्स, इस्टीमेटिंग एनालसिस आफ रेट्स, मैथड एण्ड यूनिट आफ मेजरमेन्ट, अर्थवर्क, ब्रिकवर्क (माड्यूलर/ट्रेडीशनल ब्रिक्स), आर0सी0सी0 वर्क, टिम्बर वर्क, पेन्टिंग, शटरिंग, वैल्यू एण्ड कास्ट, स्कैप वैल्यू, साल्वेज वैल्यू, मैथेड आफ वैल्यूवेशन, ट्यूबवेल, आइसोलेट्स एण्ड कम्पाइन्ड फुटिंग्स, पाइल्स एण्ड पाइल्स कैप्स, सिम्पन्स रूल, सेंटरलाइन मैथड, मिड सेक्शन फार्मूला, प्रिन्सिपल आफ सर्वेइंग मेजरमेन्ट आफ डिस्टेन्स, वर्किंग आफ प्रिज्मेटिक कम्पास, प्लेन टेबल सर्वेइंग, थैडोलाइट ट्रावर्सिंग, लेबलिंग, मैथड आफ काउन्टिंग, टेम्प्रेरी एण्ड परमानेन्ट एडजेस्टमेन्ट आफ डम्पीलेबल, अर्थवर्क केलकुलेशन, सर्वेइंग

इक्युपमेन्ट, ओरिजन आफ स्वायल, फेज डायग्राम, डिफिनेशन वाइड रेशियो, वाटर कान्टेन्ट, आई0एस0आई0 स्वायल क्लासीफिकेशन, इफेक्टिव स्ट्रेस, कन्सालीडेशन आफ स्वायल, प्रिन्सिपल आफ कन्सालीडेशन, नार्मली कन्सालिडेटेड स्वायल, एक्टिव एण्ड पैसिव अर्थ प्रेशर्स, फ्ल्यूड प्रापर्टीज, मेजरमेन्ट आफ फ्लो, फ्लो इन ओपेन चैनल, पम्प्स एण्ड टरबाइन, हाइवे इन्जीरियरिंग, ट्रैफिक इन्जीनियरिंग, स्वीपर्स, हाइवे ड्रेनेज, रेलवे इन्जीनियरिंग, ट्रैक ज्यामीट्रिक, क्वालिटी आफ वाटर, नीड आफ सैनीटेशन,सीवेज सिस्टम, सरफेस वाटर ड्रेनेज,एयर पलूशन–काजेश,इफेक्टस,कन्ट्रोल, टाइप आफ बीम–डिटरमिनेट एण्ड इनडिटरमिनेट,डैम्स एण्ड रिटेनिंग वाल्स, स्लोप डिफलेक्शन सिमनली सर्पोटेड एण्ड कैन्टीलीवर बीमस,कन्कीट टैक्नोलोजी,प्रापर्टी एण्ड यूजेस आफ कन्क्रीट,इम्पोर्टेंस आफ वाटर क्वालिटी,वाटर सीमेंट रेशियो, स्टोरेज,बैचिंग,मिक्सिंग,रिपेयर एण्ड मेंटीनेन्स आफ कन्कीट स्ट्रक्चर,आर0सी0सी0बीम–फलेक्चुरल स्ट्रेन्थ, शीयर स्ट्रैंथ, बांड स्ट्रैंथ, टी बीम्स, वनवे एण्ड टूवे स्लैबस,आइसोलेटेड फुटिंग्स, रेनफोर्स्ड ब्रिक वर्क्स, कालम्स, स्टेयर केसेज,रिटेनिंग वाल,वाटर टैंक (आर0सी0सी0 डिजाइन कोंसचनश में बी बेस्ड आन बोथ लिमिट स्टेट एण्ड वर्किंग स्ट्रैस मैथेड, स्टील डिजाइन एण्ड कन्स्ट्रक्शन आफ स्टील कालम, बीम रुफ ट्रूसेजप्लेट एण्ड ग्रिडस) से संबंधित प्रश्न रखे जायेंगे।

**विद्युत–**

इस प्रश्नपत्र में बेसिक कानसेप्टस,सर्किट ला,मैगेनेटिक सर्किट,ए0सी0फण्डामेन्टल्स, मेजरमेन्ट एण्ड मेजरिंग इन्स्ट्रूमेन्टस, इलेक्ट्रिकल मशीन्स, फैक्शनल किलोवाट मोटर्स एण्ड सिंगल फेज इंडक्शन मोटर्स, जेनरेशन, ट्रांसमिशन एण्ड डिस्ट्रीब्यूशन, स्टीमेशन एण्ड कास्टिंग, यूटिलाइलेशन एण्ड इलेक्ट्रिकल एनर्जी,

कांसेप्ट्स आफ रेजिस्टेन्स, इंडक्टेन्स, कैपेसिटेन्स, वैरियस फैक्टर्स, कांसेप्ट्स आफ करेन्ट, वोल्टेज, पावर, एनर्जी, सिम्पल सर्किट सैल्यूशन, डिफरेन्स काइन्ड्स आफ मैग्नेटिक मैटीरियल्स, कान्सेप्ट आफ फ्लक्स, एम0एम0एफ0, मैग्नेटिक कैलकुलेशन फार कन्डक्टर्स आफ डिफरेन्ट कान्फिगेशन, इलेक्टोमैग्नेटिक इन्डक्शन, सेल्फ एण्ड म्यूचुअल इंडक्शन, पॉलीफेज सिस्टम, स्टार एण्ड डेटा कनेक्शन, थ्रीफेज पावर, एवेरेज वैल्यू आफ अल्टेरनेटिंग वेब्स, मेजरमेन्ट आफ पावर(1 फेज एण्ड 3 फेज बोथ एक्टिव एण्ड रिएक्टिव) एण्ड एनर्जी, मेजरमेन्ट ऑफ फ्रिक्वेंसी एण्ड फेज एंगल, आमेटर एण्ड वोल्टमीटर बोथ मूविंग आयल एण्ड मूविंग आयरन, एक्टेंशन आफ रेन्ज वॉटमीटर, मल्टीमीटर्स, यूज आफ सी0आर0ओ0, सिग्नल जेनरेटर, अर्थ फाल्ट डिटेक्शन, डी0सी0मशीन–कन्ट्रक्शन, बेसिक प्रिन्सिपल आफ डी0सी0मोटर्स एण्ड जेनरेटर्स, मैथेड आफ ब्रेकिंग मोटर, ट्रांसफार्मर–कन्स्ट्रक्शन, प्रिन्सिपल आफ आपरेशन, वोल्टेट रेग्यूलेशन, आटो ट्रान्सफार्मर्स, 3फेज इंडक्शन मोटर्स, इफेक्ट आफ वोल्टज एण्ड फिक्वेंशी वैरीएशन आन स्पीड्स, करेक्टर्सटिक्स एण्ड एप्लीकेशन्स आफ फैक्शनल किलोवाट मोटर्स एण्ड सिंगल फेज इन्डक्शन मोटर्स, जेनरेशन आफ 3 फेज ई0एम0एफ आर्मेचर रिएक्शन, वोल्टेज रेग्यूलेशन, पैरलल आपरेशन आफ 2 अल्टरनेटर्स, स्टीमेशन आफ लाइटिंग स्कीम्स, इलेक्ट्रिकल इन्स्ट्रालेशन आफ मशीन एण्ड रिलीवेंट आई0ई0रूल्स, अर्थिंग प्रैक्टिसेस एण्ड आई0ई0रूल्स, टाइप आफ पावर स्टेशन्स, लोट फैक्टर्स, डाइवर्सिटी फैक्टर, डिमांड फैक्टर, कास्ट आफ जेनरेशन इन्टरकनेशन आफ पावर स्टेशन, पावर फैक्टर इम्प्रूवमेन्ट, केबिल–डिफेन्ट टाइप्स आफ केबिल, केबिल रेटिंग एण्ड डिरेटिंग फैक्टर, वैरियस टाइप आफ टैरिफ, टाइप्स आफ फाल्ट्स, शार्ट सर्किट, स्विचगीयर्स–रेटिंग आफ सर्किट्स ब्रेकर्स, प्रोटेक्शन अगेन्स्ट अर्थ लिकेज/ओवर करेन्ट, एफिसिएन्सी आफ डिफरेन्ट सिस्टम,इलूमीनेशन,इलेक्ट्रिक हीटिंग,इलेक्ट्रिक वेल्डिग,इलेक्ट्रोप्लेटिंग,इलेक्ट्रिक डिवाइस एण्ड मोटर्स, वर्किंग आफ वैरियस इलेक्ट्रोनिक डिवाइसेस, सिम्पल सर्किट्स।

**मैकेनिकल–**

इस प्रश्न पत्र में थ्योरी आफ मशीन्स एण्ड मशीन डिजाइन, कान्सेप्ट आफ सिम्पल मशीन, फोर बार लिंकेज एण्ड लिंक मोशन, फ्लाईव्हील्स एण्ड फ्लैक्चुएश्न आफ एनर्जी, पावर ट्रान्समिशन बाई बेल्ट्स–वी बेल्ट्स एण्ड फ्लैट वेल्ट्स, क्लचेस–प्लेट एण्ड कॉनिकल गियर्स, टाइप आफ गियर्स, गियर प्रोफाइल एण्ड गियर रेशियो कलकुलेशन, गर्वनर्स–प्रिन्सिपल एण्ड क्लीसीफिकेशन, इन्जीनियरिंग मशीन एण्ड स्ट्रेन्थ आफ मैटीरियल्स, रिवेटेड ज्वाइंट, केम्स, बीयरिंग्स, इक्वलीबेरियम आफ फोर्सेस, लॉ आफ मोशन, फ्रिक्शन, कान्सेप्ट स्ट्रेस एण्ड स्ट्रेन, इलास्टिक लिमिट एण्ड इलास्टिक कान्सटेंट, बेंडिंग मूमेन्ट एण्ड शियर फोर्स डायग्राम, स्ट्रेस

इन कम्पोजिट बार्स, टारिशन आफ सर्कुलर शाफ्ट, थिन वाल्ड प्रेशर वेसल्स, प्रापर्टीज आफ प्योर सब्सटेंस, इन्ट्रोडक्शन आफ स्टीम टेबल विद रेसपेक्ट टू स्टीम जेनरेशन प्रोसेस, वेट एण्ड सुपरहीटेड स्टेट्स, डिफनेशन आफ ड्राइनेस फैक्शन आफ स्टीम, डिग्री आफ सुपरहीट आफ स्टीम, फर्स्ट आफ ला आफ थर्मोडायनामिक्स, कन्डीशन फार स्टीडी स्टेड स्टीडी फ्लो, स्टीडी स्टेड स्टीडी फ्लो एनर्जी इक्यूशन, सेकेन्ड ला आफ थर्मोडायनामिक्स, डिफिनेशन आफ सिंक, सोर्स रिजर्ववायर आफ हीट, हीड इंजन, हीड पम्प एण्ड रिफ्रीजरेटर, एयर स्टैंडर्ड साइकिल्स फार आई0सी0 इन्जन, डीजल साइकिल, आई0सी0 इंजन परफार्मेन्स, रैनकाइन साइकिल एफीसिएन्सी विद एण्ड विदआउट पम्प वर्क, ब्यायलर्स क्लासीफिकेशन, स्पैसिफिकेशन, फिटिंग्स एण्ड एसेसरीज, एयर कम्प्रेशर्स एण्ड देयर साइकिल्स, प्रिन्सिपल आफ रेफ्रीरेशन प्लान्ट, नॉजिल एण्ड स्टीम टर्बाइन्स, फ्लूड मशीन एण्ड मशीनरी, फ्लूड स्टैटिक्स, मीजरमेन्ट आफ फ्लूड प्रेशर, हाइड्रोलिक टर्बाइन्स, सेन्ट्रीफ्यूगल पम्पस, क्लीसीफिकेशन, प्रिन्सपल, परफार्मेन्स।

**12(1)- कृषि विभाग के पदों हेतु चयन का आधार लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार है।** प्रश्नगत पदों पर चयन अवर अभियंता के पद पर सीधी भर्ती, समय-समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश अवर अभियंता संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा नियमावली-2014 के उपबंधों तथा सीधी भर्ती प्रक्रिया नियमावली-2002 यथासंशोधित 2014 एवं उत्तर प्रदेश समूह 'ग' के पदों के लिए सीधी भर्ती (रीति और प्रक्रिया) नियमावली- 2015 अधिसूचना दिनांक 11 मई, 2015 में विहित प्रावधानों के अंतर्गत होगा। तदनुसार लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम एवं परीक्षा तिथि से यथासमय सूचित किया जाएगा।

**13- वरीयता-** अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय विभागों की वरीयता का विकल्प देना होगा। आयोग, अभ्यर्थियों की प्रवीणता क्रम में जैसा कि अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त किए गए अंकों के कुल योग से प्रकट हो, एक सूची तैयार करेगा और पद की उपलब्धता, श्रेष्ठता, पद की शैक्षिक अर्हता व आयु सीमा का संज्ञान लेते हुए दी गयी वरीयता के आधार पर यथा संभव विभाग आवंटित करने का प्रयास करेगा किन्तु इस संबंध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।

**14- अभ्यर्थियों के लिए सामान्य अनुदेश-**

**(1)** उत्तर प्रदेश के आरक्षित श्रेणी के सभी अभ्यर्थी आवेदन में अपनी श्रेणी अवश्य अंकित करें।

**(2)** एक से अधिक आरक्षित श्रेणी का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को केवल एक छूट, जो अधिक लाभकारी होगी दी जाएगी।

**(3)** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित / भूतपूर्व सैनिक, विकलांगजन तथा महिला अभ्यर्थियों को, जो उ०प्र० राज्य के मूल निवासी नहीं हैं, उन्हें आरक्षण का लाभ अनुमन्य नहीं है। ऐसे अभ्यर्थी सामान्य श्रेणी के माने जाएंगे। महिला अभ्यर्थियों के मामले में पिता पक्ष से निर्गत प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

**(4)** वर्गीकृत खेलों के कुशल खिलाड़ी तथा भूतपूर्व सैनिक, विकलांगजन उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अद्यावधिक निर्धारित प्रारूप पर सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र पर अपना दावा प्रस्तुत करेंगे अन्यथा अभ्यर्थी द्वारा एतदर्थ किया गया दावा स्वीकार नहीं होगा।

